आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 20.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में उरेडा की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शुभारंभ किया। कहा– नवीकरणीय ऊर्जा का महत्व पूरे देश में तेजी से बढ़ा है।
- प्रदेश सरकार ने दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे और देवबंद रुड़की रेलवे लाइन परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के दिए निर्देश।
- विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने नैनीताल में आयोजित ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम में पौधारोपण कर प्रकृति को हरा–भरा रखने का सन्देश दिया।
- 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में।
- प्रदेश के कुमाऊं मंडल में 21 और 22 जुलाई को कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी।

उरेडा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में उरेडा की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सोलर वाटर हीटर अनुदान योजना में आवेदन और अनुदान निर्गत किये जाने के लिए पोर्टल– uredaonline.uk.gov.in का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा का महत्व पूरे देश में तेजी से बढ़ा है। नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत पांरपरिक जीवाश्म आधारित ईंधन के एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत से कार्बन उत्सर्जन को खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंचामृत कार्य योजना के तहत भारत में वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत किसानों को सौर पंप और सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए सब्सिडी और समर्थन प्राप्त हो रहा है, जिससे कृषि क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग भी बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में सौर ऊर्जा और जल विद्युत के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। इसके लिए नई सौर ऊर्जा नीति बनाई गई है।

मुख्य सचिव बैठक

प्रदेश सरकार ने दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे और देवबंद रुड़की रेलवे लाइन परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। इसके लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज देहरादून में आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार से प्रभावी समन्वय स्थापित करने को कहा। मुख्य सचिव ने भारत नेट परियोजना के अंतर्गत प्रदेश की 697 ग्राम पंचायतों में से शेष 227 ग्राम पंचायत भवनों का समय से विद्युतीकरण करने के निर्देश दिए हैं ताकि उनमें शीघ्र ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में श्रीमती रतूड़ी ने शहरी विकास सचिव के माध्यम से अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की नियमित निगरानी करने को कहा। उन्होंने पेयजल की गुणवत्ता की निगरानी में जनसहभागिता बढ़ाने के लिए नागरिकों को प्रशिक्षित करने पर जोर दिया। इसके लिए मुख्य सचिव ने विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों को जल परीक्षण का प्रशिक्षण तथा जल उपचार संयंत्रों के संचालन की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल– डैशबोर्ड

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा है कि देश व प्रदेश के विकास में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के निजी विश्वविद्यालय शिक्षा उन्नयन के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं तथा देश व दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं। राज्यपाल ने आज देहरादून में राजभवन को निजी विश्वविद्यालय द्वारा तैयार डैशबोर्ड सौंपते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि इस डैशबोर्ड को बनाने का उद्देश्य सभी निजी विश्वविद्यालयों को एक मंच पर लाकर एक दूसरे से संवाद व समन्वय स्थापित करना है। विश्वविद्यालयों के शोध व नवाचार का लाभ देश के साथ ही प्रदेश को भी मिलना चाहिए तथा वे एक दूसरे के अनुभवों का लाभ उठाएं। कुलपति ने प्रस्तुतीकरण देते हुए कहा कि इस डैशबोर्ड में प्रदेश के सभी निजी विश्वविद्यालय

शामिल किए जाएंगे, जिसमें विश्वविद्यालयों की उपलब्धियों, बेस्ट प्रैक्टिसेज, शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार व अनुसंधान, पेटेंट, एमओयू, प्लेसमेंट आदि की जानकारी उपलब्ध रहेगी। इसके माध्यम से एक विश्वविद्यालय अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा अपनाई जा रही नवीन पहलों, नवाचार और अनुसंधान सहित अन्य विषयों पर समन्वय स्थापित कर सकेगा।

एक पेड़ मां के नाम

प्रदेश में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान और हरेला महोत्सव के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक 50 लाख से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं, जबकि पूरे वर्ष में करीब 2 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान आम, सेब, अमरूद, केला, लीची समेत विभिन्न फलदार वृक्ष लगाए जा रहे हैं। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में फलदार वृक्षों के अलावा विभिन्न जंगली वृक्ष भी रोपे जा रहे हैं। इसी क्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने आज नैनीताल में आयोजित कार्यक्रम में वृक्षारोपण कर प्रकृति को हरा–भरा रखने का सन्देश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान हमें न केवल हमारे पर्यावरण की सुरक्षा करने का अवसर देता है, बल्कि इसे हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी संरक्षित करता है। उधर, ऋषिकेश के मीडिया कर्मियों ने नगर निगम प्रशासन के साथ सामाजिक सरोकार के तहत पौधारोपण अभियान चलाया। इस अवसर पर अपर आयुक्त नरेंद्र सिंह क्वीरियाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में समाज की अहम भूमिका है। पौधे लगाने के साथ ही उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी जागरूक समाज की है।

कांवड यात्रा

प्रदेश में कांवड़ यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा और इस दौरान लगने वाले जाम से निपटने के लिए शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दे रहे हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान लोगों को आवाजाही में असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। इसके लिए हरिद्वार और देहरादून में कांवड़ियों के लिए यात्रा रूट तैयार किए गए हैं, ताकि शहरों में जाम न लगे। हरिद्वार में पूरे कांवड़ मेला क्षेत्र को 13 सुपर जोन, 31 जोन और 126 सेक्टरों में बांटा गया है। साथ ही 22 ड्रोन कैमरों से पूरे मेला क्षेत्र पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। कांवड़ के लिए 07 स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जिसके लिए अलग से सुपर जोन जीआरपी की स्थापना की गई है। वहीं, हरिद्वार पुलिस की ओर से अलग–अलग स्थानों पर 21 सहायता केंद्र बनाए गए हैं।

माइक्रासॉफ्ट

नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है कि सभी हवाई अड्डों पर विमान संचालन प्रक्रिया सामान्य रूप से शुरू हो गई है। माइक्रासॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम में गड़बड़ी के कारण कल उड़ानें प्रभावित हुई थीं। नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि सरकार हवाई परिचालन की लगातार निगरानी कर रही है। एयरलाइंस यह सुनिश्चित कर रही हैं कि यात्रा समायोजन और भुगतान का ध्यान रखा जाए।

बजट सत्र

सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र सोमवार से शुरू होकर अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा।

नीट–यूजी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी– एन टी ए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का शहर–वार और केन्द्र–वार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एन टी ए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। इससे पहले न्यायालय ने एन टी ए को उम्मीदवारों की पहचान की मास्किंग कर आज दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था। परिणाम वेबसाइट neet.ntaonline.in पर उपलब्ध हैं।

सांस्कृतिक महोत्सव सुरम्य

राज्य की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव ''सुरम्य'' का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में छात्र–छात्राओं के बीच राज्य की संस्कृति से जुड़ी विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने नाटक, सांस्कृतिक विरासत और नृत्य प्रस्तुत किए। आकाशवाणी से बातचीत में सुरम्य की संयोजक किरन विश्वकर्मा ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य अपनी संस्कृति को बढ़ावा देना और आने वाली पीढ़ी को संस्कृति के प्रति जागरूक करना है।

गुरुपूर्णिमा महापर्व

सांस्कृतिक नगरी हरिद्वार स्थित शांतिकुंज में तीन दिवसीय ''गुरुपूर्णिमा'' महापर्व का शुभारंभ हो गया है। गुरुपूर्णिमा पर अपने गुरु से आशीर्वाद लेने के लिए देश–विदेश से हजारों गायत्री साधक गायत्री तीर्थ पहुंचे हैं। महापर्व के पहले दिन आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए योगेंद्र गिरि ने करोड़ों गायत्री परिवार के सद्गुरु और गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के जीवन दर्शन के विभिन्न आयामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युगऋषि ने मानव जाति के कल्याण के लिए कार्य किया है और उनके बताए सिद्धांतों पर चलते हुए अखिल विश्व गायत्री परिवार पूरे विश्व में कार्य कर रहा है।

मौसम

मौसम विभाग ने 21 और 22 जुलाई को चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर में भारी बारिश का रेड अलर्ट और पिथौरागढ़, बागेश्वर, पौड़ी तथा अल्मोड़ा में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट है। विभाग की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही भूस्खलन की स्थिति में सड़क मार्गों को सुचारू करने के लिए पर्याप्त मशीनें तैनात करने को कहा गया है। इसके अलावा लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। चारधाम यात्रियों से अपील की गई है कि वे मौसम का पूर्वानुमान देखने के बाद ही यात्रा करें।